श्री सतीश कुमार साह (क्षेत्र संख्या-40) स0वि0स0 से प्राप्त गै0स0सं0सं0-130/2026 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड के सौंनवर्षा गाँव के पास विहुल नदी पर स्लुईस गेट का निर्माण करावें।"	वस्तुस्थिति यह है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड के सौंनवर्षा गाँव के पास से बिहुल नदी गुजरती है। यह एक बरसाती नदी है। प्रश्नगत स्थल बिहुल नदी से पूर्व दिशा में अवस्थित है। प्रश्नगत स्थल के कमांड क्षेत्र में पश्चिमी कोशी नहर प्रणाली अंतर्गत महादेवा वितरणी के 1.219 कि0मी0 से निकलने वाली कुर्जबेली लघु नहर एवं 2.804 कि0मी0 से निकलने वाली नरहिया उपवितरणी तथा नरहिया उपवितरणी के 1.52 कि0मी0 से निकलने वाली फकिरना उप लघु नहर से सौंनवर्षा गाँव के पास पड़ने वाली कमांड क्षेत्र का पटवन कराया जाता है। यद्दपि प्रश्नगत स्थल के कमांड क्षेत्र में उपरोक्त नहर से पटवन होता है फिर भी सिंचाई सुविधा को और बेहतर तथा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्णित स्थल का विस्तृत जाँच एवं सिंचाई हेतु यदि आवश्यक हो तो संरचना निर्माण के लिए तकनीकी संभाव्यता की जाँच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा को निदेशित किया गया है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0संकल्प (सम0)–09–07 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–429 दिनांक–13.02.2026 के प्रसंग में गैर सरकारी संकल्प सं0–130 / 26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0संकल्प (सम0)–09–07 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0संकल्प (सम0)–09–07 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0संकल्प (सम0)–09–07 / 2026– 1290 पटना, दिनांक– 18/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
17.03.26